<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–25 अक्टूबर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- राष्ट्रीय रोजगार मेला के अंतर्गत लखनऊ, वाराणसी सहित देश के 40 स्थानों पर आयोजित रोजगार मेले में 51 हजार युवाओं को सौंपे गए नियुक्ति पत्र। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो संदेश में कहा– रोजगार मेले युवाओं के सपनों को साकार करने का है माध्यम।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा। औषधियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए औषधि तंत्र को सुदृढ़ बनाने पर दिया बल।
- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने गाजियाबाद में सीजीएसटी भवन का किया उद्घाटन। कहा– जीएसटी परिषद ने जीएसटी पंजीकरण प्रक्रिया को सरल, सहज और अधिक पारदर्शी बनाने के उपायों को दी मंजूरी।
- सूर्योपासना का चार दिवसीय पर्व छठ, आज नहाय खाय के साथ हुआ शुरू।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल उत्तर प्रदेश के कई जिलों सहित नई दिल्ली में देश के 40 स्थानों पर आयोजित राष्ट्रीय रोजगार मेले के दौरान एक वीडियो संदेश के माध्यम से युवाओं को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि रोजगार मेले युवाओं के सपनों को पूरा करने का माध्यम बन चुके हैं। नई दिल्ली में आयोजित 17वें राष्ट्रीय रोजगार मेले के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त कर्मियों को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपे गये। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने विकसित भारत योजना की भी शुरुआत की। श्री मोदी ने इस बात पर बल दिया कि स्किल इंडिया मिशन जैसे अभियान युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। बाइट....

***स्किल इंडिया मिशन जैसे अभियानों के जरिए युवाओं को स्किल की ट्रेनिंग दी जा रही है, वहीं साथ ही नेशनल करियर सर्विस प्लेटफार्म जैसे इनीशिएटिव उन्हें नए अवसरों से भी जोड़ रहे हैं। इसके माध्यम से अब तक 7 करोड़ से अधिक वैकेंसीज इसकी जानकारी युवाओं को दी जा चुकी है।***

कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवम् परिवार कल्याण, राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल लखनऊ से वर्चुअली शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकार लक्ष्य से आगे निकल चुकी है। हमने मिशन मोड पर काम किया और रोजगार सृजन की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए पक्की सरकारी नौकरी देश के युवाओं को सौंपने का काम किया है।

प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भी रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि चयनित अभ्यर्थी विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। आगरा में केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफ़ेसर एसपी सिंह बघेल ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं। रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। लखनऊ के सिद्धांत दुबे ने कहा कि पूरी चयन प्रक्रिया बहुत ही पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई है।

***पूरी प्रक्रिया के तहत जो हमारी नियुक्ति हुई है, बहुत पारदर्शी रूप में हुई है। सरकार ने जो रोजगार के लिए हमें अवसर प्रदान किए हैं, उसके तहत हम उनका सरकार का और विशेषकर माननीय हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी का बहुत–बहुत आभार व्यक्त करते हैं।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के औषधि नियंत्रण संवर्ग के पुनर्गठन एवं नए पदों के सृजन सम्बन्धित प्रस्तावों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में औषधियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से औषधि नियंत्रण तंत्र को और सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने पर बल दिया। एक रिपोर्ट

**मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि जनपद स्तर पर कार्य व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए अब 'जिला औषधि नियंत्रण अधिकारी' का पद सृजित किया जाए। औषधि निरीक्षकों की संख्या को वर्तमान के सापेक्ष दोगुना किया जाए। इन पदों पर चयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए अब साक्षात्कार के स्थान पर लिखित परीक्षा के माध्यम से भर्ती कराई जाए। सभी जनपदों में औषधि निरीक्षकों की समुचित तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा जिला स्तर पर प्रभावी पर्यवेक्षण और समयबद्ध जांच व्यवस्था लागू की जाए।समाचार कक्ष से विवेक सिंह**

उधर, एक अन्य बैठक में मुख्यमंत्री ने लोकनिर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों में पाँच गुना तक की वृद्धि किए जाने का निर्णय लिया। नई व्यवस्था में मुख्य अभियंता को अब 2 करोड़ रुपये के स्थान पर 10 करोड़ रुपये तक के कार्यों की स्वीकृति का अधिकार होगा।

**********

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण– एनएचएआई ने अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को निर्देश दिया है कि वे राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित शुल्क प्लाजा पर मासिक और वार्षिक पास के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदर्शित करें। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि यह जानकारी शुल्क प्लाजा के प्रवेश द्वार, ग्राहक सेवा क्षेत्र और प्रवेश या निकास बिंदुओं सहित स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाले स्थानों पर साइन बोर्डों पर लगाई जाएगी।

**********

सरकार ने पोषण और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के टोल–फ्री हेल्पालाइन नंबर को बदलने का निर्णय लिया है। अगले महीने की पहली तारीख से वर्तमान टोल–फ्री हेल्पलाइन नंबर एक चार चार शून्य आठ के स्थान पर एक पांच एक पांच होगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती से देश भर में लोगों को फायदा हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि स्टेशनरी क्षेत्र में नई जीएसटी दरों से लोगों को बहुत लाभ मिल रहा है।

**नई पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के अंतर्गत, सरकार ने स्टेशनरी वस्तुओं पर करों में बड़ी कटौती की है, जिससे परिवारों, विशेष रूप से छात्रों को बड़ी राहत मिली है। नए कर ढांचे में पेंसिल, शार्पनर, क्रेयॉन, अभ्यास पुस्तिकाएँ, ग्राफ पुसतिकाएं, मनाचित्र और चार्ट अब कर–मुक्त कर दिये गये हैं, ये वस्तुएँ पहले 12 प्रतिशत कर स्लैब में आती थीं। इसी तरह, ई–रेजर पर जीएसटी 5 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गया सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल गाजियाबाद में नए सीजीएसटी भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी परिषद ने जीएसटी पंजीकरण प्रक्रिया को सरल, सहज और अधिक पारदर्शी बनाने के उपायों को मंजूरी दे दी है। उन्होंने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर तथा सीमा शुल्क बोर्ड और केंद्रीय वस्तु तथा सेवा कर क्षेत्रीय संरचनाओं द्वारा अगली पीढ़ी के कर सुधारों की गति बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होनें कहा कि देश भर के जीएसटी सेवा केंद्रों में पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती, सुगम्यता और उचित रख–रखाव सुनिश्चित किया जाएगा ताकि करदाताओं को समय पर और गुणवत्तापूर्ण सहायता मिल सके।

**********

सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ आज से शुरू हो रहा है। आज **नहाय खाय** के साथ पर्व का शुभारम्भ किया जा रहा है। पर्व को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में विशेष रूप से पूर्वी जिलों में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। नदियों और तालाबों के घाटों की साफ–सफाई की गयी है। व्रती कल खरना पूजन के साथ 36 घंटे तक निर्जल व्रत का संकल्प लेंगी। गोरखपुर से हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट

***चार दिवसीय छठ महापर्व आज नहाय खाय से हो गयी है। कल रविवार को खरना होगा। इसके बाद छत्तीस घंटे का निर्जल व्रत शुरू हो जायेगा। सोमवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध निर्जल व्रती महिलायें देंगी। अगले दिन मंगलवार को उगते हुए सूर्य को अर्ध्य देकर चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा। इसको लेकर राप्ती तट, मानसरोवर पोखरा, सूर्यकुण्ड धाम, गोरखनाथ मंदिर के भीम सरोवर सहित शहर के विभिन्न जगहों पर छठ पूजा की तैयारियां हो रही हैं। आकाशवाणी समाचार के लिये गिरीश नारायण चौबे गोरखपुर।***

**********

छठ पर्व को लेकर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे कल से आने वाले चार दिनों तक रोजाना औसतन 300 विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है। ये रेलगाड़ियां नियमित रेल सेवाओं के अतिरिक्त चलाई जा रही हैं। एक अक्टूबर से 30 नवम्बर तक देशभर में बारह हजार से अधिक विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। उत्तर रेलवे की तरफ से कल 45 विशेष रेलगाड़ियां चलाई गईं। वहीं पूर्वोत्तर रेलवे ने 10 पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाई। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिये अतिरिक्त टिकट काउंटर बनाये गये हैं।

***कम से कम समय में लोगों को टिकट्स मिल जाए। इसके लिए हमने नॉर्मल काउंटर्स के अलावा कुछ मोबाइल काउंटर्स भी बनाए हैं ऐसे भीड़–भाड़ वाले स्टेशनों पर और उसके अलावा एक एटीवीएम कियोस्क मशीनें होती हैं जिस पर हमने कॉनकोर्स एरिया में लगाते हैं जो टिकट विंडो के आस–पास और अन्य जगहों पर होती है जहां से भीड़ आराम से टिकट ले सकेगी। तो यह सारे इंतजाम हम कर रहे हैं ताकि लोगों को अपने गंतव्य स्थान तक सुरक्षित तरीके से और आसानी से लोग पहुंच सके।***

**********